06 ब्राह्मण समाज अध्यक्ष के घर पर हुई पत्थरबाजी ...



07 आस्था: कथा सुनने आए श्रद्धालुओं ने बारिश से ...



## खबर संक्षेप

### शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में रोजगार मेला कल

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 8 जुलाई 2025 को सीहोर स्थित शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की एनआईआईटी (एचडीएफसी, एक्सिस बैंक) क्विज क्रॉप, शिव शक्ति एग्रीटेक, पुखराज हेल्थ केयर, श्रीराम फाइनेंस, एसबीआई लाइफ रिलायबल फर्स्ट, एलआईसी, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, हंसिनी एंप्लॉयमेंट सर्विस आदि कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मेकेनिक कम्प्यूटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर सेल्स एग्जीक्यूटिव, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर, टेनी. क्वालिटी प्रोडक्शन, बीमा अभिकर्ता फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर के 1750 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। रोजगार मेले में आईटीआई विभाग द्वारा युवाओं को अप्रेन्टिसशिप के लिए चयन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक एवं समय पर रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### फसल बचाने तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

**सीहोर।** फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा (50 प्रतिशत) अनुदान प्रदान किया जाएगा। तार-फेंसिंग लगाने का खर्चा 300 रुपये प्रति रनिंग मीटर आता है, यानि एक हजार रनिंग मीटर का खर्चा तीन लाख रुपये है। इसमें डेढ़ लाख रुपये राज्य सरकार देगी तथा शेष डेढ़ लाख रूपये किसान वहन करेगा।

### फ्री लिमिट से ज्यादा रुपए निकालना 2 रुपए महंगा, लगेगा सरचार्ज

**सीहोर।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एटीएम से पैसे निकालने पर लगने वाले चार्ज बढ़ा दिए। 1 मई से फ्री लिमिट पार करने पर हर ट्रांजेक्शन पर अब 23 रुपए देने होंगे। अभी तक यह चार्ज 21 रुपए था। यानी ग्राहकों को हर ट्रांजेक्शन पर 2 रुपए ज्यादा चुकाने होंगे। अब हर ट्रांजेक्शन पर 19 रुपए इंटरचेंज चार्ज लगेगा।

### जिपं सीईओ ने की जल जीवन मिशन व प्रदाय के कार्यों की समीक्षा

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर पीएचई विभाग द्वारा संचालित जल जीवन मिशन कार्यक्रम एवं नल जल प्रदाय योजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि पीएचई द्वारा क्रियान्वित की जा रही सभी प्रगतिरत एकल नल जल प्रदाय योजनाओं के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाएं।

### हजरत इमाम हुसैन की शहादत के पर्व पर नलखेड़ा में अलम जुलूस निकाला गया

# आकर्षक ताजियों के साथ लोबान अगरबत्ती की सुगंध से महके बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





मुस्लिम समाजजनों द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर उनकी याद में मनाए जाने वाले 10 दिवसीय मोहर्रम पर्व के अंतिम दिन रविवार को नगर में अखाड़ो के साथ आकर्षक ताजियों का जुलूस निकाला गया। उज्जैन संभाग में नलखेड़ा नगर एक ऐसा स्थान है जहां पर मोहर्रम पर्व पर नगर के सभी स्थानों के ताजिए बड़े साहब को लेने उनके स्थान पर किला रोड़ स्थित मेवातीपुरा पहुंचते हैं। नगर में हजरत इमाम हुसैन की शहादत के पर्व मोहर्रम को अनके अनुयायियों द्वारा यादे हुसैन के रुप में दस दिनों तक मनाया गया। पर्व के अंतिम दिन रविवार को आकर्षक ताजियों का कारवां नगर में निकाला गया इसके पूर्व अखाड़ो के साथ अलम जूलुस निकाले गये। मोहर्रम पर्व के दौरान मुस्लिम समाज द्वारा जहां प्रतिदिन यादे हुसेन में परम्परानुसार दुलदुल का चल समारोह रात्रि में अखाड़ो के साथ विभिन्न मोहल्लों से निकाले गये। रविवार को प्रातः ठाकुर मोहल्ला व मेवातीपुरा से अमन जुलूस अखाड़ो के साथ नगर में निकाले गये। जुलूस में आगे आगे अश्व पर बैठे समाजजन हाथो में धार्मिक ध्वज के साथ राष्ट्रीय ध्वज लिये चल रहे थे वही अखाड़ो के कलाकारों द्वारा करतब दिखाये गये।

### अली अजगर को झूले में झुलाया

*जुलूस के दौरान बैड की धुन पर इमाम हुसैन की शहादत के गीत गाये जा रहे थे वही अमन जुलूस में अली अजगर के झूले की झांकी आकर्षक ढंग से फूलों से सजाकर निकाली गई। समाजजनों व बच्चों द्वारा उत्साह के साथ झूले को झुलाकर इमाम हुसैन के प्रति अपनी आस्था को प्रकट किया।*



### बड़े साहब को लेने पहुंचे सभी ताजिये

*उज्जैन संभाग में नलखेडा नगर ही ऐसा स्थान है जहाँ बडे साहब को लेने के लिये नगर के सभी ताजिये उनके मुकाम पर पहुँचते है। जहाँ पर बडे साहब को ताजियों के कांरवा में सबसे आगे रखकर नगर में निकाला जाता है। रविवार को दोपहर 1 बजे चौक बाजार से सभी ताजिये बडे साहब को लेने के लिए घाटी ऊपर किले के पास गये जहां से नगर में ताजियों का कारवा प्रारंभ हुआ आगे - आगे बडे साहब का ताजिया था उसके बाद विभिन्न मोहल्लो के 6 ताजिये इसमें साथ चल रहे थे। रात्रि में 11 बजे सभी ताजिये अपने अपने मुकाम से करबला मैदान के लिए रवाना हुवे जहां पर ताजियों का विसर्जन किया गया।*

### सिन्नी एवं अगरबत्ती चढ़ाकर की गई मन्नते


*नगर के चौक बाजार में सभी ताजियों का मुकाम उनके निर्धारित स्थान पर लगाया गया। जहाँ पर मुस्लिम समाज के साथ ही सभी वर्गो के नागरिकों द्वारा मोर्हरम पर सिन्नी (चिरोंजी) चढाकर ताजियों के समक्ष अगरबत्ती व लोबान लगाकर मन्नते मांगी गई। मुस्लिम समाज के युवाओं द्वारा चौक बाजार में पानी एवं शरबत के स्टॉल लगाकर सभी को इसका वितरण किया गया।*

### भजन संध्या के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा

# नलखेड़ा में श्री पूज्य जिनचंद्रसूरीजी का मंगल प्रवेश आज, नगर में चल समारोह निकाला जाएगा

- गुरुदेव के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा
- भक्तों को प्रदान करेंगे मंगलमय आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



नलखेड़ा की धन्य धरा पर श्री पूज्य परंपरा के 40 वें पट्टधर जंगम युग प्रधान वृहद भट्टारक खरतरगच्छाधिपति, सिद्धांत महोदधि, व्याख्यान वाचस्पति 1008 श्री पूज्य श्री जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब का 7 जुलाई को मंगल प्रवेश होगा। समाजजनों द्वारा नगर में चल समारोह निकाला जाएगा। खरतरगच्छाधिपति 1008 श्री पूज्य जिनचंद्रसूरिजी म. सा. के दिव्य आनंदमय सानिध्य में प्रथम बार गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 10 जुलाई को मां बगलामुखी रिसोर्ट में होने जा रहा है। आयोजन में हजारों गुरु भक्त पहुंचकर गुरु भक्ति का परिचय देंगे वहीं श्री पूज्यजी अपने सभी भक्तों को अपना मंगलमय आशीष प्रदान करेंगे। गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम के आयोजक परम गुरु भक्त जयंत धूपिया एवं अरविंद सिंघवी ने बताया की गुरु पूर्णिमा महापर्व वीर परंपरा संवाहक 77 वें पट्टधर श्री पूज्य परंपरा के 40 वें पट्टधर जंगम युग प्रधान वृहद भट्टारक खरतरगच्छाधिपति, सिद्धांत महोदधि, व्याख्यान वाचस्पति 1008 श्री पूज्य श्री जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब का 6 जुलाई को प्रसिद्ध श्री नागेश्वर महातीर्थ में प्रवेश हुआ।

गुरुदेव 7 जुलाई की प्रातः 9:15 बजे नलखेड़ा पधारेंगे जहां मंगल प्रवेश का चल समारोह हाई सेकेंडरी स्कूल के सामने जायसवाल कॉलोनी स्थित दिनेश ताराचंदजी फाफरिया के नवीन निवास स्थान से नगर में निकाला जावेगा। जो प्रमुख मार्गो से होता हुआ जिन मंदिर एवं जैन आराधना भवन पर पहुंचेगा जहां पर गुरुदेव श्री के मंगलमय प्रवचन होंगे। इसके पूर्व फाफरिया परिवार की ओर से नवकारसी का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि गुरुदेव श्री मां बगलामुखी मार्ग स्थित एमबीआर रिसोर्ट में रुकेंगे। जहां आप श्री की पावन निश्रा में 7 से 9 जुलाई तक सत्य साधना का कार्यक्रम भी होगा।

9 जुलाई रात्रि 7 बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायक परम गुरु भक्त पिंटू स्वामी की भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया है। 10 जुलाई को सुबह 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का कार्यक्रम एमबीआर रिसोर्ट में श्री पूज्य श्री जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब एवं भावी श्री पूज्य यति अमृत सुंदरजी महाराज साहब, यति श्री सुमति सुंदरजी महाराज साहब, आर्या श्री समकित प्रभा श्री जी महाराज साहब के दिव्य आनंद मय सानिध्य में संपन्न होगा। श्री धूपिया ने बताया कि गुरुदेव नलखेड़ा से 11 जुलाई को आगर पहुंचेंगे।

जहां सरस्वती शिशु मंदिर के भवन में 5 वर्ष से 20 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रातः 9 से 11:00 बजे तक एक दिवसीय शिविर का आयोजन होगा। यहां से गुरुदेव 12 जुलाई को महिदपुर, बड़ावदा, रिंगनोद आदि नगरों से होते हुए जावरा पहुंचेंगे। जहां आपकी पावनकारी निश्रा में 17 से 18 जुलाई तक 10 दिवसीय सत्य साधना का शिविर आयोजित होगा। जिसमें देश के साधक -साधिका सहभागी बनकर आत्म ध्यान करेंगे।

## शिक्षक संघ का सदस्यता अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान पर दिनांक 02 जुलाई से संपूर्ण मध्यप्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके परिपालन में नलखेड़ा में तहसील और ब्लॉक इकाई के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय ताखला, हिरणखेड़ी, खेड़ा, उ.मा.वि.मोल्याखेड़ी, पीएम श्री वि. धरोला, उ. मा. वि.लटूरी गहलोत, मा.वि.गुजरखेड़ी प्रा. वि. गरेली, बंजारा खेड़ा,धरोला के शिक्षक साथियों द्वारा शिक्षक संघ की सदस्यता ली गई। जिला सचिव सुमेर सिंह राठौड़ द्वारा बताया गया कि शिक्षक संघ का सदस्यता अभियान दिनांक 02 जुलाई से प्रारंभ होकर 08 जुलाई तक जारी रहेगा। इस सदस्यता अभियान में जिला कार्यकारिणी ,तहसील एवं ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्यों का अभिन्न योगदान रहेगा।

## मंत्रीजी का जीवन सदैव समाज के लिए प्रेरणास्पद रहा : राकेश राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

हैदराबाद राज्य आर्यसत्याग्रह व भोपाल राज्य विलीनीकरण आंदोलन के अग्रणी स्वतंत्रता संग्राम सैनानी, पूर्व भोपाल राज्य विधानसभा के सचेतक,भोपाल राज्य की प्रथम आर्य कन्याशाला संस्थापक,जिले की पत्रकारिता के पितृपुरूष गांधीवादी स्व. हरिकृष्ण सिंह मंत्री की 42 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें विभिन्न आयोजनों में श्रद्धा से याद किया गया। उनकी स्मृति में अनेक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। शनिवार प्रातः 11 बजे शा.मा. शाला नईचंदेरी में परम्परानुसार पूर्व नपाध्यक्ष एवं समाज सेवी राकेशराय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को हिंदी,अंग्रेजी वर्णमाला टेबल चार्ट पेन कापी,पेसिल व पौष्टिक आहार का वितरित हुआ कार्यक्रम के आरम्भ में श्रीराय ने मंत्रीजी के चित्र पर मल्यापर्णकर दीप प्रज्वलित किया।उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि मंत्री जी का समूचा जीवन समाज के लिए प्रेरणास्पद रहा है।शौषित पीढ़ति वर्ग की सेवा के साथ राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा अनुकरणीय रही है।

## गोदाम संचालक बोले: मूंग तुलाई गोदाम के बाहर होना चाहिए, नीति में बदलाव भी करें

**भैरूंदा।** बुदनी विधायक रमाकांत भार्गव से शुक्रवार को वेयरहाउस संचालकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मूंग उपार्जन और भंडारण नीति में सुधार की मांग रखी। संचालकों ने विधायक को सुझाव पत्र सौंपा। बताया कि इसी माह से मूंग उपार्जन शुरू होना है। मौजूदा नीति से हर साल नुकसान होता है। सुझाव में कहा गया कि मूंग की तुलाई गोदाम के अंदर नहीं, परिसर में छोटे कांटे से हो। गोदाम में तुलाई नीति के अनुसार नहीं है।

### भाजपा ने रैन बसेरा में किया आयोजन

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्थानीय रेन बसेरा परिसर में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। रविवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा स्थानीय रेन बसेरा परिसर में डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा जिला उपाध्यक्ष पीरूलाल कलसिया मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया महामंत्री रितेश सोनी कार्यक्रम प्रभारी प्रेम बैरागी सह प्रभारी दुर्गेश पाटीदार मोहन नागर ,मुन्नालाल गवली, अर्चना नागर, पार्षद गोवर्धन वेदिया, पार्षद प्रतिनिधि राकेश गवली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कीर्तन कर निकाली भक्तों ने प्रभातफेरी

## प्रतिदिन सूर्योदय के पूर्व प्रभु के नाम की गूंज से पवित्र हो रहा वातावरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में प्रतिदिन श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा सूर्योदय के पूर्व निकाली जा रही प्रभातफेरी में भजनों में प्रभु के नाम की गूंज से जहां वातावरण पवित्र हो रहा है वही सकारात्मक ऊर्जा प्रवाह हो रही है।

नगर में अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त प्रारम्भ हुई प्रभातफेरी अनवरत निकलना जारी है। रविवार को देवशयनी एकादशी पर भी प्रातः 5.30 बजे से प्रभातफेरी निकाली गई जोकि अपने प्रतिदिन के निर्धारित मार्गो से भ्रमण कर पुनः चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची जहाँ राम स्तुति के साथ प्रभातफेरी का समापन हुआ। प्रभातफेरी में श्रीराम संकीर्तन मंडल के सदस्य व भक्तगण झांझ मंजीरे व ढोलक की थाप पर हाथों में धर्म ध्वजा लिए सुमधुर आवाज में भजन गाते चलते है। उल्लेखनीय है कि श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा वर्ष भर आने वाले सभी पर्व व त्यौहार भी प्रभातफेरी में ही मनाए जाते है। गौरतलब है कि कालांतर में प्रत्येक घर मे महिलाएं सुबह 4 बजे से उठकर घट्टी पीसने का कार्य करती थी।

इस दौरान वे भजनों को गाया करती थी उसका उद्देश्य यही होता था कि प्रभु का नाम ले जिससे कि वातावरण शुद्ध हो जाये व सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होकर प्रवाहमान हो जाए।

### 71 जोड़ों ने मंत्रोच्चार के साथ किया पूजन

## पूज्य दादा गुरुदेव जिनदत्तसुरिजी की 871वीं पुण्यतिथि पर महापूजन का हुआ आयोजन







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़

नलखेड़ा नगर की पावन धरा पर महाप्रभावी एक लाख तीस हजार नूतन जैन बनाने वाले प्रथम दादा गुरूदेव श्री जिनदत्तसुरिश्वरजी की 871 पुण्यतिथि के पुनित अवसर पर जैन समाज में प्रथम बार 71 जोड़े के साथ महापूजन का आयोजन 6 जुलाई को हुआ।

जैन श्वेतांबर समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु प.पू.विचक्षण ज्योति, प्रज्ञाभारती, महामंगलिक प्रदाति, प्रवर्तिनी महोदया श्री चन्द्रप्रभा श्री जी म.सा की सुशिष्या प.पू. रत्ननिधि श्री जी म.सा.,प.पू. पुण्यनिधि श्री जी म.सा. आदि ठाणा - 5 जैन आराधना भवन हनुमान मंदिर पर विराजित है। मसा की पावन निश्रा में रविवार को प्रथम दादा गुरूदेव श्री जिनदत्तसुरिश्वरजी की 871 पुण्यतिथि के पुनित अवसर पर जैन समाज में प्रथम बार 71 जोड़े के साथ दादा गुरुदेव महापूजन का भव्यातिभव्य आयोजन भक्तिभाव व हर्षौल्लास के साथ संपन्न हुआ। साध्वी मंडल के साथ प्रसिद्ध विधिकारक एवं संगीतकार प्रवीण भाई जैन रुनिजा एंड पार्टी द्वारा संगीत कि स्वर लहरियो एवं विधि विधान तथा मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न करवाया। मुख्य पीठिका पर लाभार्थी रमेशचंद, सुरेशचंद,प्रकाशचंद गोरीलालजी काठेड़ परिवार बैठा था। परिवारजनों द्वारा परमात्मा व दादा गुरूदेव का अभिषेक, पूजन किया गया। दादा गुरुदेव महापूजन में उपस्थित समाजजनों ने अपने समक्ष रखे पाटले पर विराजित किये दादा गुरूदेव के चरण (पगलियाजी) की धूप, दीप, फल,नैवेद्य, पुष्प, वासक्षेप आदि के द्वारा पूजन किया गया वहीं आराधना भवन में बनाए गये सुंदर मांड़ले पर भी विभिन्न पूजन सामग्री चढ़ाई गई।

चारों दादा गुरुदेव की पूजन के पूर्व दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ सामूहिक रुप से किया गया। जिनकुशलसुरि दादावाड़ी में परमात्मा की आरती लाभार्थी परिवार अभयकुमार ताराचंदजी फाफरिया द्वारा व गुरुदेव की आरती समरथमल जम्बूकुमार, हनीकुमार मुणोत परिवार द्वारा की गई। नाकोड़ा भैरवजी आरती प्रेमचंद विशाल कुमार श्रीश्रीमाल भंड़ारी परिवार ने की। रविवार को ही शाम 7:30 बजे गुदरावन मार्ग स्थित श्री जिनकुशलसुरि दादावाड़ी में आरती और इकतीसा पाठ हुआ। जिसमें 7 लक्की ड्रा भी खोले गए।

**खबर संक्षेप**

### देवास ग्रीन हाफ मैराथन में 1100 धावकों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

**देवास।** देवास में आयोजित ग्रीन हाफ मैराथन में करीब 1100 धावकों ने पूरे जोश और उमंग के साथ दौड़ लगाई। यह आयोजन हिन्द फौज और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हर घर सैनिक, हर घर पौधा मुहिम को प्रोत्साहित करना है, जो पूरे वर्ष भर चलती है और ग्रीन देवास के निर्माण की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। मैराथन में कुल चार वर्गों में दौड़ कराई गई। 21 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी, 5 किमी और 1 किमी की दौड़, जिसमें विजेताओं को कुल ?51,000 तक के पुरस्कार वितरित किए गए। मंच संचालन खुशबू पागनिश एवं दीपिका बोरीवाल (पटवारी) ने किया। विकास गिरी और अश्विन पागनिश ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। सफल आयोजन में सक्रिय योगदान हिन्द फौज के पदाधिकारी कुमेर सिंह वर्मा, सीमा गिरी, श्रीजा अग्रवाल, रवि अग्रवाल, ताशीन शेख, सृजनिका लोखंडे, चंद्रशेखर तिवारी, मोनू तिवारी, आरती दायमा, अजय दायमा, रीना पटेल (ट्रैफिक कंट्रोल), पुनीत गिरी, एवं खेल विभाग से पम्मी मैम सहित कई स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेन्द्र गोस्वामी ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और ग्रीन देवास मिशन को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### देवास से उज्जैन तक निकलने वाली पदयात्रा को लेकर बैठक संपन्न

**देवास।** श्रावण के पवित्र माह में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सामाजिक संस्था नेशनल यूनिटी ग्रुप द्वारा 20 जुलाई को विशाल पदयात्रा का आयोजन होने जा रहा है। ग्रुप अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर ने बताया कि यह पदयात्रा विश्व शांति, पर्यावरण रक्षा और पर्याप्त वर्षा की कामनाओं को लेकर निकाली जाएगी।

## दोनों पक्षों से आवेदन लेकर पुलिस ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

# पूर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष के घर पर हुई पत्थरबाजी की घटना, कोतवाली पहुंचकर निष्पक्ष जांच करने की मांग

### दूसरे पक्ष ने नाहर दरवाजा थाने जाकर दिया शिकायती आवेदन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





शहर के पुराने बस स्टैंड क्षेत्र स्थित मनकामेश्वर मंदिर के पास एक घर में रविवार सुबह 06 बजे पथराव की घटना समाने आई। पथराव के कारण घर की गैलरी में लगे कांच टूट गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मौका मुआयना किया और जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। दरअसल सर्व ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष और समाजसेवी संजय शुक्ला के घर रविवार सुबह पत्थरबाज़ी की घटना हुई।घटना से आसपास के रहवासी भी चौक गए। दिन बढ़ने के साथ शुक्ला के घर पर परिजनों और हिंदूवादी संगठन और ब्राह्मण समाज के लोग इकट्ठा होने लगे। घटना की निन्दा करते हुए सामूहिक रूप में रैली निकाल कोतवाली थाने पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया को निष्पक्ष जांच हेतु ज्ञापन दिया। सर्व समाज सहित हिन्दू संगठन के लोगों ने कोतवाली परिसर के बाहर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए विरोध दर्ज कराया। उनका कहना था कि यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज की भावना पर किया गया है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो शहर का माहौल बिगड़ सकता है और इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। घटना के संबंध में पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कैमरों में 4 से 5 युवक पथराव करते हुए स्पष्ट रूप से नजर आ रहे हैं। फुटेज के आधार पर उनकी पहचान की जा रही है और जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। प्रदर्शन के दौरान एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया को सर्व समाज की ओर से ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें कहा गया कि यदि संजय शुक्ला को किसी प्रकार की हानि पहुँचती है, तो इसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर पुलिस और प्रशासन की होगी। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका सार्वजनिक रूप से जुलूस निकाला जाए, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। घटना के बाद से ही शहर में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता के साथ निगरानी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शुक्ला ने कहा कि में शांति समिति का सदस्य हूं, उन्होनें देर रात्रि में तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत डायल 100 पर की थी। गत दिनों हुई शांति समिति की बैठक में भी यह तथ्य



कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा था। संभवतः विशेष समुदाय के लोगों ने इसलिए उनके घर पर पत्थरबाजी की थी। दूसरी और मुस्लिम समाज के लोगों ने आरोप लगाया है कि ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष के बेटे ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में धार्मिक भावना को ठेंस पहुंचाने वाला आपत्तिजनक पोस्ट डाली है। इससे उनकी धार्मिक आस्था आहत हुई है। इस मामले में मुस्लिम समाज की और नाहर दरवाजा थाने पर डीएसपी को कार्रवाई के लिए ज्ञापन दिया है। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने कहा कि गत दिनों शांति समिति की बैठक में संजय शुक्ला ने डीजे की आवाज को बंद कराने व कम कराने की आवाज उठाई थी। उसका परिणाम यह हुआ कि उनके घर पर पत्थर फैंके गए। इसके बाद संजय शुक्ला को कुछ विधर्मियों के द्वारा धमकी दी गई है। एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि रविवार सुबह की घटनाक्रम में पत्थर मारकर घर का कांच फोड़ा है। फरियादी की शिकायत को संज्ञान में लिया है। प्रकरण को लेकर सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

#### मुस्लिम समाज पहुंचा नाहर दरवाजा थाने, दिया आवेदन

इधर मुस्लिम समाज शिकायती आवेदन लेकर नाहर दरवाजा थाने पहुंचा। मुस्लिम पक्ष का कहना था कि अनुभव शुक्ला पिता संजय शुक्ला की इंस्टाग्राम आईडी पर धर्म विशेष को लेकर टिपण्णी की गई है, जिस पर कार्रवाई होना चाहिए। मुस्लिम समाज के पूजनीय हज़रत इमाम के बारे में गलत टिपण्णी की गई है। उनके बारे में आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग किया गया हैं। जो धार्मिक सौहाद्र को बिगाड़ने का कृत्य है, जिससे मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। धार्मिक भावनाओं को भड़काने का मुकदमा दर्ज किया जाए।

### पुलिस ने ग्यारह वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार



**चापडा।** पुलिस द्वारा आपरेशन हवालात के तहत एक स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मृतिका को आत्महत्या के लिए उकसा कर फरार हो गया था, जिसे थाना कमलापुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि 11 वर्षों से आरोपी पुलिस गिरफ्त से फरार चल रहा था, जिसे कमलापुर पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए स्थाई वारंटी आरोपी राजमल पिता हीरालाल कोरकू उम्र 44 साल निवासी देवस्या थाना कमलापुर को भोपाल मिसरोद क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। न्यायालय बागली के द्वारा स्थाई वारण्ट जारी किया गया था। उक्त आरोपी को काफी प्रयास के बाद मुखबीर कि सूचना के आधार पर गिरफतार कर लाया गया। जिसे न्यायालय मे पेश किया जाएगा। उक्त कार्यवाही मे उप निरीक्षक उपेन्द्र नाहर थाना प्रभारी कमलापुर, उपनिरीक्षक राकेश नरवरिया, पुलिस साहायता केन्द्र चापडा प्र,आर, प्र,आर,बल सिंह तोमर प्र,आर, योगेश यादव, आरक्षक अरुण वर्मा, सैनिक विष्णु सोनी का सराहनीय योगदान रहा है।

## स्वच्छता अभियान के तहत की जा रही साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ के चलते नगर परिषद बागली द्वारा लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव के निर्देशन में नगर परिषद सीएमओ प्रमोद बरूआ द्वारा लगातार नगर भ्रमण कर उक्त अभियान के अंतर्गत नगर की साफ सफाई कराई जा रही है। प्रमोद बरूआ ने बताया कि वर्तमान में बारिश का समय चल रहा है। ऐसे में नगर में साफ सफाई रहना अति आवश्यक है। इसीलिए प्रतिदिन सफाई कर्मचारियों के साथ में रहकर नगर के प्रत्येक वार्डों में साफ सफाई कराई जा रही है। साथ ही आवश्यकता के अनुसार दवाईयों का भी छिड़काव किया जा रहा है। बारूआ ने बताया कि नगर परिषद का उद्देश्य है की नगर स्वच्छ बने और इसमें नगरवासियों के सहयोग कि आवश्यकता है। नगर वासियों से भी अपील की गई है कि कचरा कूड़ा दान में ही डालें और अपने गली,मोहल्ले व नगर को स्वच्छ बनाए रखें। स्वच्छता को लेकर लगातार मार्केटिंग की जा रही है। वहीं लगातार सफाई अभियान जारी रहेगा। ताकी सफाई बनी रहे।

## एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में देवशयनी एकादशी महोत्सव रविवार को बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शीश के दानी खाटू श्याम जी की प्रातः महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मंदिर परिसर में भक्ति की अनुपम छटा देखने को मिली।सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा।

श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए उमड़ पड़े। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और पूरा वातावरण "श्याम नाम की जय" के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायकों हरिओम उपाध्याय और राधा ठाकुर ने श्याम भजनों की मधुर प्रस्तुतियां देकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। भजन के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भावनाओं में डूबे दिखे और भक्ति रस में झूमते नजर आए।

इस पावन अवसर पर मंदिर के संस्थापक श्याम शर्मा, प्रेम अग्रवाल, ओम प्रकाश बंसल, विक्रम शर्मा, पंकज चौधरी, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, रत्नेश बंसल, विनय अग्रवाल, राधा ठाकुर, हरिओम उपाध्याय, प्रमोद गुप्ता सहित कई श्रद्धालु और समिति सदस्य मौजूद रहे। मंदिर प्रबंधन की ओर से सभी भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई थी। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति और स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव बन गया, जिसमें श्रद्धा, संगीत और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला।

## वरिष्ठजनों का सम्मान कर मनाई मुखर्जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



देश की एकता, अखंडता के पर्याय महान दार्शनिक, विचारक, जनसंघ के संस्थापक, भाजपा के पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मुखर्जी नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।राष्ट्र की अखंडता के लिए उनका बलिदान, भारत की गौरवगाथा का अमिट अध्याय है। उनके सिद्धांत व संकल्प आज भी हम सभी देशवासियों के लिए पथप्रदर्शक हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ जनों का सम्मान किया।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सैंधव,विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, भरत चौधरी ,मनीष सेन, सचिन जोशी, राखी झालानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी कमल ने दी।

### चार महीने के लिए योग निद्रा में जाने के पूर्व भगवान विट्ठल ने किया नगर भ्रमण

# विशेष पूजा-अर्चना और भक्ति के लिए चातुर्मास की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा





देवशयनी एकादशी के बाद सावन मास में भोले भंडारी को सृष्टि का काम सौपकर 118 दिनों के लिए श्री हरि शयन करेंगे। शयन का यह समय इस वर्ष देवशयनी एकादशी 6 जुलाई से देवप्रबोधिनी एकादशी 1 नवंबर तक रहेगा। चातुर्मास में नगर में चारों ओर धर्म की गंगा बहेगी। वही श्रावण मास में भोले की भक्ति में भक्तगण रमेंगे।आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी का पर्व नगर में मनाया गया।यह दिन भगवान विष्णु को समर्पित और बेहद शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन से भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं और 4 महीने तक विश्राम करते हैं इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है जिसमें शुभ कार्य विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं।नगर पुरोहित संजय जोशी बताते हैं कि वैदिक के अनुसार चातुर्मास का समय आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी तक रहता है हिंदू धर्म में इसे धार्मिक भक्ति भाव का समय माना जाता है। मान्यता है कि राजा बलि को दिए गए वचन के कारण भगवान विष्णु चार महीने पाताल लोक में रहते हैं। इस समय भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं इसलिए चातुर्मास में उनकी पूजा का भी विशेष महत्व होता है। चातुर्मास में शिव आराधना का सावन माह 11 जुलाई से 9 अगस्त तक रहेगा। वहीं इसी कड़ी में रविवार को नगर में छोटे हनुमान चौक में स्थित भगवान श्री विट्ठल अपने मंदिर से बाहर सिंहासन में सवार होकर पूरे नगर में भ्रमण पर निकले। यहां पिछली पीढ़ी दर पीढ़ी महाराष्ट्रीयन बंड परिवार के भालचंद्र बंड, अजय बंड, विजय बंड, सचिन बंड, संदीप बंड, विकास बंड, हेमंत बंड, स्वप्निल बंड, बंटी बंड, राहुल बंड द्वारा भगवान श्री विट्ठल के मंदिर मे पूजा की गई। वही आज के दिन भगवान श्री विट्ठल को सिंहासन में बैठाकर नगर भ्रमण पर निकाला गया,जो नगर की सीमाओं से लगी काकड होते हुए प्रभात फेरी के रूप में गुजरी, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु बच्चे एवं महिला शामिल हुए हैं। नगरवासियों ने जगह-जगह पूजन पाठ कर फरियाली वितरण किया। इसी कड़ी में आज चौधरी मोहल्ले में भगवान श्री विट्ठल की नगर भ्रमण के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्याय जय सिंह राणा, आराम सिंह कुमावत के द्वारा पूजा अर्चना की गई। इसी तरह भंवरनाथ मंदिर प्रांगण में सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर के द्वारा भगवान श्री विट्ठल की पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। नगर परिषद उपाध्यक्ष के द्वारा केले व फरियाली का वितरण किया गया, जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, बाबूलाल डोडिया, भगवान सिंह कामदार, नगर वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत, ओमप्रकाश जायसवाल, मुकेश खत्री, कमल पटेल, मुकेश कुमावत, मौसम माली, विनायक माली, सहित लोग मौजूद रहे। इसी तरह शक्ति माता मंदिर प्रांगण में जेएमडी ग्रुप शक्ति माता समिति के द्वारा सवा कुंटल खिचड़ी का वितरण किया गया। वहीं खेड़े पर बाबा रामदेव समिति द्वारा केले का वितरण किया गया। यह यात्रा सुबह 11:00 बजे शुरू हुई जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए शाम 5:00 बजे श्री विट्ठल मंदिर पहुंची। जहां पर आरती प्रसादी वितरण कर यात्रा का समापन हुआ।

### परिवहन विभाग ने 14 वाहनों से वसूला जुर्माना

**देवास।** परिवहन आयुक्त व कलेक्टर के निर्देशानुसार स्कूल बसों की विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जिले के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में संचालित संस्थान की बसों के विरुद्ध सघन जाँच अभियान 04 एवं 05 जुलाई को चलाया गया। चेकिंग के दौरान जिले के सानेकच्छ, नेवरी, बरोठा एवं शहर में संचालित स्कूल बसों, यात्री बसों तथा स्लीपर बसों को भी चेक किया गया। जांच के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में संचालित वाहनों को सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाईन अनुरूप पूर्ण जांचा गया। वाहनों में सीसीटीवी स्पीड गवर्नर, अग्निशमन यंत्र के साथ ही वाहनों के परमिट फिटनेस, बीमा, मोटरयान कर, तथा पीयूसी की भी जांच की गई।

**कार्यालय नगर परिषद बागली**
**जिला देवास म.प्र.**

क्रमांक / नि.शा./2025/477-478 बागली, दिनांक 04/07/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद द्वारा केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु निविदाये आंमत्रित की जाती है जिस हेतु ऑनलाईन टेण्डर आई डी न 2025_UAD_435235, 2025_UAD_435236, 2025_UAD_435231, 2025_UAD_435232, 2025_UAD_435233, 2025_UAD_435234 निविदाये ई टेण्डरिंग के माध्यम से इच्छुक ठेकेदार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के 02/08/2022 से प्रभावी एस.ओ.आर (भवन, रोड एवं पेयजल) पर आज दिनांक तक संशोधित सहित निविदा प्रपत्र अपेन्डिक्स 2.10 पर प्रतिशत दरो के आधार पर ऑनलाईन निविदा दिनांक 21-07-2025 सायं 05.30 बजे तक कृय एवं प्रस्तुत कर सकते है। निविदा से संबधित अन्य जानकारी कार्यालयीन समय मे संबंधित शाखा में देखी जा सकती है निविदा मे किसी भी प्रकार के होने वाले संशोधन बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्रीमती सीमा कमल यादव)
अध्यक्ष
नगर परिषद बागली

(प्रमोद कुमार बरूआ)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बागली

## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा पर होगा दो दिवसीय उत्सव

सीहोर। प्रदेश के सभी विद्यालयों में 10 जुलाई गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर 2 दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन 9 और 10 जुलाई को होगा। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। निर्देश में कहा गया है कि पहले दिन 9 जुलाई को विद्यालय में प्रार्थना सभा के बाद शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जायेगी। विद्यालय में प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव विषय पर बच्चों के बीच में निबंध लेखन प्रतियोगिता की जायेगी। विद्यालयों के प्राचार्यों से कहा गया है कि आयोजन के दौरान साधु-संतों, गुरूजनों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों को आमंत्रित किया जाये। इन आयोजन में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया जा सकता है। पूर्व विद्यार्थी अपने शाला जीवन के अनुभव को विद्यार्थियों के बीच साझा करेंगे। उत्सव के दूसरे दिन 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के दिन प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं में वीणा वादिनी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर गुरू वंदना की जायेगी। विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू की महिमा पर केन्द्रित व्याख्यान होंगे। इसी के साथ इस दिन गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान भी किया जायेगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों में भारतीय मूल्यों संस्कृति आधारित शिक्षा के लिये कई उल्लेखनीय कदम उठाये गये हैं।

### कुबेरेश्वरधाम पर पांच दिवसीय श्री शिवमहापुराण में उमड़ा आस्था का सैलाब

# आस्थाः कथा सुनने आए श्रद्धालुओं ने बारिश से बचने छाता और तिरपाल का लिया सहारा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

**कुबेरेश्वरधाम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण हुई शुरू, कथा में पहले दिन प्रदेश सहित दूसरे प्रदेशों के श्रद्धालु कार्यक्रम में हुए शामिल**

कुबेरेश्वर धाम पर शनिवार से शुरू हुए पांच दिवसीय गुरूपूर्णिम महोत्सव के दौरान शिव महापुरण कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आलम यह था की पांडाल छोटे पड़ गए। श्रद्धालुओं की आस्था को तेज बारिश भी कम नहीं कर सकी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बारिश से बचने के लिए छाता, पन्नी, तिरपाल का सहारा लेकर कथा का श्रवण किया।

शिव महापुरण की कथा सुनाते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव को अपना गुरु बनाओ और उस पर भरोसा और विश्वास कर अपने जीवन को सफल बनाया जा सकता है। एक लोटा जल शिव तत्व का अर्पण परिवार के सदस्य को पाप से मुक्त करता है, पुण्य लाभ प्रदान कराता है। जीवन की हर परीक्षा में सफल होने का मूलमंत्र यह है कि आप किसी को हराने के लिए कोई काम न करें। महादेव को समर्पित कर आगे बढ़ने के लिए परीक्षा का सामना करें। आपका व्यवहार, प्रेम, वात्सल्यता, धर्म कर्म ही जीवन को सम्पूर्ण करेगा। कोई व्यक्ति अगर आपको मंदिर शिवालय जाने, शिव तत्व अर्पित करने, भक्ति भजन हेतु प्रेरित करता है तो समझिए भगवान शिव की इच्छा से प्रेरणा प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहाकि भगवान आपकी परीक्षा पल-पल पर लेता है। कथा के आरंभ होने के साथ ही बारिश की शुरूआत हो गई, बारिश के बाद भी भक्त पूरे उत्साह के साथ भगवान की अविरल भक्ति में मग्न है, यह आपकी आस्था है। महोत्सव में हजारों की संख्या में शिव भक्ताओं के आने का सिलसिला जारी है। महोत्सव के अंतर्गत जारी कथा के पहले दिन पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि गुरु और कथा का एक ही काम है आपको भगवान से जोड़कर रखे, आपको सद्मार्ग की ओर अग्रेषित करे। एक गुरु की प्रेरणा से शिष्य का जीवन सफल हो जाता है, वहीं कथा में आकर सच्चे मन से भावपूर्ण तरीके से कथा का श्रवण करने से हमारे जीवन की दिशा ही बदल जाती है।

कथा के माध्यम से भगवान शिव की प्राप्ति करने के लक्ष्य से कथा का श्रवण करें। उन्होंने भगवान शिव के स्वरूप का वर्णन करते हुए उनके स्वभाव का वर्णन किया एवं देवराज ब्राह्मण का उल्लेख करते हुए कहाकि ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के बाद भी जिस प्रकार से अपने धर्म से च्युत होकर अधर्म मार्ग का अनुसरण किया, लेकिन शिव महापुराण की कथा ने उसके जीवन की दिशा बदल दी। एक छोटा सा जीवन है मनुष्य का उस जीवन में हम कैसे भक्ति साधना कर सकते हैं जीवन को भक्तिपूर्ण बना सकते हैं ये शिवपुराण कथा बताती है। जैसे-जैसे ईश्वर की भक्ति में डूबते जाओगे तब जीवन के आनंद की अनुभूति होगी। शिवमहापुराण पुण्य का अर्जन है।

# बीमारियों का उपचार कराने मरीज तो आ रहे, लेकिन अस्पताल में डॉक्टर ही नहीं

### केंद्र में लड़खड़ा रही स्वास्थ्य सेवाएं





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

जावर तहसील और जनपद पंचायत आष्टा का सबसे बड़ा गांव सिद्धिगंज है। जिसके अंतर्गत लगभग 50 से 60 गांव आते हैं। इसके बाद भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धिगंज में डॉक्टर नहीं होने के कारण सभी गांव के लोग परेशान हैं। सरकार द्वारा लोगों को अच्छा उपचार मिले जिसके लिए जगह-जगह अस्पताल और आरोग्य केंद्र खोले गए। ताकि मरीजों को सही उपचार मिल सके। लेकिन ऐसा दिखता नजर नहीं आ रहा है। देखा जाए तो ग्राम सिद्दीकगंज में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित है, लेकिन स्वास्थ्य केंद्र में मरीज तो आते हैं पर डॉक्टर नहीं मिलते हैं। सिद्धिगंज स्वास्थ्य केंद्र में केवल एक ड्रेसर और एक नर्स मौजूद है। इन दोनों के ही भरोसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है। मरीज को अपना उपचार करने के लिए भटकना पड़ रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ना तो डॉक्टर है ना ही महिला डॉक्टर है। वही ग्राम सिद्धिगंज के अंतर्गत करीब 50 से 60 गांव आते हैं। सभी गांव के लोग अधिकतर उपचार करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आते हैं। पर सभी ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सही उपचार नहीं मिलने के कारण मरीज इधर-उधर झोलाछाप डॉक्टर व आष्टा, सीहोर, देवास के अस्पतालों में जाना पड़ रहा है।

#### प्रसूताओं की परेशानी

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला डॉक्टर नहीं होने के कारण प्रस्तुता के समय महिलाओं को अधिक समस्या का सामना करना पड़ता है। केंद्र पर प्रतिदिन एक से दो डिलीवरी प्रतिदिन होती है। वही गर्भवती महिलाओं को अपनी जांच करने के लिए इधर-उधर जाना पड़ रहा है। कई साल से केंद्र पर महिला डॉक्टर नहीं होने के कारण 50 से 60 गांव के लोग परेशान हैं। कई बार तो केंद्र से गर्भवती महिलाओं को आष्टा या सीहोर पहुंचा दिया जाता है। जिसे महिला व परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

#### जिम्मेदारों को नहीं फिक्र

ग्रामीणों द्वारा कई बार क्षेत्र विधायक और जिला कलेक्टर से भी गुहार लगा चुके हैं कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला डॉक्टर के साथ फूल स्टाफ की नियुक्ति की जाए, ताकि सभी ग्रामीणों को आसानी से उपचार मिल सके। वहीं क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घटना होती है तो मेडिकल के लिए भी आष्टा जाना पड़ रहा है। क्योंकि ना तो केंद्र पर डॉक्टर है ना ही कोई किसी प्रकार की व्यवस्था है। वहीं केंद्र में जब रात में प्रसूता केस आते हैं तो वह कैस की स्थिति देखते ही बनती है। ग्राम सिद्दीकगंज में लगभग दस हजार के लगभग आबादी है। वही सिद्दीकगंज के अंतर्गत 50 से 60 गांव आते हैं सिद्दीकगंज आसपास के सभी गांव का एक बड़ा कस्बा है सभी आसपास के गांव के लोग अपना उपचार एवं अन्य कार्य ग्राम सिद्दीकगंज में ही करने आते जब आसपास के गांव के मरीज अपना उपचार एवं क्षेत्र की गर्भवती महिलाएं उपचार करने के लिए सिद्धिगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आती है तो ना तो उन्हें डॉक्टर मिलते हैं, ना ही महिला डॉक्टर मिलती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर नहीं होने पर भी प्रतिदिन 60 से 70 मरीज आते हे यदि केंद्र पर प्रतिदिन डॉक्टर मिलते हैं तो मरीजों की संख्या और बढ़ेगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर नहीं मिलने के कारण मरीजों को इधर-उधर अपना इलाज करवाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे द्वारा कई बार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर एवं महिला डॉक्टर की मांग की गई पर हमारी कोई सुनने को तैयार ही नहीं केंद्र पर एक ही नर्स है जो 24 घंटे रहती है क्या एक ही नर्स एवं ड्रेसर के भरोसे चलेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केंद्र पर पूर्ण रूप से स्टॉप भी नहीं है केंद्र पर सभी पद खाली पड़े हुए हैं।

# प्रदेश अध्यक्ष का मंडल कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का जावर मंडल द्वारा स्वागत किया गया। यह स्वागत समारोह जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की गरिमामय उपस्थिति में, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में हेमंत खंडेलवाल ने कहाःसंगठन को मजबूती प्रदान करना मेरी प्राथमिकता है, और मैं सुनिश्चित करूंगा कि किसी भी कार्यकर्ता के मान-सम्मान में कोई कमी न आने पाए।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह, राजेंद्र केशव, जय सिंह ठाकुर, संजय अजमेरा, मनोज वेद, तेज सिंह कप्तान, शिवम सोनी, मदन विश्वकर्मा, वीरेन्द्र ठाकुर, मान सिंह पटेल, कमल काकू कृपाल सिंह बामुलिया, राजेंद्र सेंधव, तेज सिंह गुड्डू, दयाराम परिहार राजू भावसार,महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, धर्मेंद्र ठाकुर, योगेश भावसार सुनील लोधी, कैलाश सोलंकी, हरेंद्र विश्वकर्मा, संजू मालवीय सभी बूथ अध्यक्ष एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर की बैठक में जिला प्रमुख हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर दरखेड़ा में दिनांक 3 जुलाई को जिला प्रमुख का आगमन हुआ। आचार्य परिवार ने स्वागत किया और रात्रि विश्राम हुआ। जिसमें जिला प्रमुख के द्वारा वंदना सत्र में भैया-बहनों औरआचार्य परिवार के साथ बैठक कर नवीन प्रवेश, शुल्क संग्रह आदि और जिला प्रमुख के द्वारा परिवारों में संपर्क भी किया।

# अमानक उर्वरकों की खरीदी, विक्रय और भंडारण पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सीहोर। फफूंदी नाशक दवा से किसानों की सोयाबीन फसल खराब होने पर सहायक संचालक ने आष्टा की अंबिका पाटिदार ट्रेडर्स को किया सील।

राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त उर्वरकों के नमूनों की प्रयोगशाला जांच में यह पाया गया है कि, कुछ उर्वरक उत्पाद निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतर रहे हैं तथा इन्हें अमानक घोषित किया गया है। इन उत्पादों के उपयोग से किसानों के फसल उत्पादन एवं गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उपसंचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने अमानक उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के उर्वरकों जैसे प्रोम, पोटश ड्रिराविड फाम गोलासिस, बायोस्टीमूलेन्ट, केरियर बेस्ड कन्सोर्टिया, जिंक सल्फेट मोनोहाइड्रेट एवं अन्य उर्वरकों के बिना पूर्वानुमोदन के सीहोर जिले में विक्रय, भंडारण, वितरण और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने निर्देश दिए है कि बिना पूर्व स्वीकृति के किसी भी स्थिति में इनका उपयोग न किया जाए। इसके साथ ही इससे संबंधित सभी व्यापारी वितरक एवं कृषकों को सतर्क किया जाए। इसका उल्लंघन दंडनीय है उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य के अजमेर जिले में विभिन्न उर्वरकों की विनिर्माण इकाइयों का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान इकाइयों में विभिन्न अनियमिततायें पाई गई। अनियमितताएं होने पर 16 विनिर्माण इकाइयों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। जिसमें मेसर्स गोवर्धन एग्रो उदयपुर कला राजस्थान, मेसर्स भूमि एग्रो इण्डस्ट्रीज नसीराबाद रोड उदयपुर कलां अजमेर राजस्थान, मेसर्स राघव एग्रो इण्डस्ट्रीज किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स मंगल दीप बायो फर्टिलाइजर एंड केमी एलएलपी किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स अतिशय बायोटेक इण्डस्ट्रीज तिलोनिया रोड किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स ट्रॉपिकल एग्रो सिस्टम इंडिया प्रा.लिमि ग्राम तिलोनिया किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स दीव्या एग्रो फर्ट इण्डस्ट्रीज नालू किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स ग्रीन एग्रो इण्डस्ट्रीज बान्दर सिंदरी अजमेर राजस्थान, मेसर्स शम्भू बायो फर्टि लिमि. अराई अजमेर राजस्थान, मेसर्स एग्रो अराई अजमेर राजस्थान, मेसर्स राधिका एग्रो इण्डस्ट्रीज डीडवाडा किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स एक्वा एग्री प्रोसेसिंग प्राय लिमि. पाटन किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स नाथ एग्रो इण्ड. टीकवाडा किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स कमला बायोटेक तिलोनिया रोड़ किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स सन साईन एडिबल आईल चौसला तह अराई अजमेर राजस्थान, मेसर्स सत्वम एग्रो प्रा लिमि बादर सिन्दरी किशनगढ़ अजमेर राजस्थान शामिल हैं। इन विनिर्माण इकाइयों से जप्ती कर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# बारिश से ओवर ब्रिज के नीचे हुए बड़े बड़े गड्ढे दे रहे हादसों को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



तहसील श्यामपुर में ओवर ब्रिज के नीचे बड़े-बड़े गड्ढे होने पर डामर के बड़े-बड़े टुकड़े डाल दिए हैं जिससे दोपहिया वाहन चार पहिया वाहन को निकालने में परेशानियां आ रही है इसी प्रकार दोनों तरफ जो सर्विस रोड बनाए गए थे आज उन रोडो की स्थिति जर्जर बनी हुई है। और तो और ठेकेदारों की बड़ी लापरवाही देखने को नजर आ रही है ठेकेदारों के द्वारा रोड में पहले से बने हुए गड्ढे में मिट्टी एवं रेत डलवाई जा रही है। जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। लापरवाह ठेकेदारों के द्वारा दुर्घटना को खुली चुनौती दी जा रही है। ठेकेदारों के द्वारा कच्चा माल डालकर खानापूर्ति की जा रही है इस प्रकार के भ्रष्टाचार का खेलकई दिनों से चला आ रहा है। लेकिन इन ठेकेदारों के खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नहीं की जाती है। नागरिक कौनेजिला प्रशासन से मांग की है कि सर्विस रोड व ब्रिज के नीचे अच्छी क्वालिटी का मटेरियल डलवाया जाए जिससे आवा गमनमें परेशानी न हो।

### पानी में टर्बिडिटी की मात्रा बढ़ी मिलना यानी सीधे बीमारी का घर

# उपचार किए बिना पानी का सेवन किया तो होंगी कई बीमारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बारिश के साथ ही जमीन के जलस्तर में हुई बढ़त से ही पानी में टर्बिडिटी (गंदलापन) की समस्या काफी बढ़ गई है। यदि बिना उपचार किए इसका सेवन किया तो यह शरीर में कई बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए जलस्त्रोत (हैंडपंप, ट्यूबवेल) आदि दूषित टर्बिडिटी युक्त पानी उगल रहे हैं तो उसकी पीएचई की प्रयोगशाला में जांच जरूर कराएं। जांच के बाद बताए गए उपचार को करें। इसके बाद ही पेयजल स्त्रोतों का पानी उपयोग में लें।

जानकारी के अनुसार पानी में टर्बिडिटी (गंदलापन) की मात्रा बढन्ना, यानी पानी का साफ न होना, सीधे तौर पर बीमारी का कारण बन सकता है। पानी में मौजूद गंदगी, जैसे कि मिट्टी, रेत, या अन्य सूक्ष्मजीव, पानी को गंदा कर देती है और यह पीने के लिए असुरक्षित हो सकता है। पानी में टर्बिडिटी का बढन्ना, यानी पानी का गंदला होना, यह दर्शाता है कि पानी में हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, और परजीवी हो सकते हैं। पानी में टर्बिटिडी की मात्रा पांच एनटीयू (निफेलो टर्बिडिटी यूनिट) या उसके कम होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में बारिश के मौसम में इसकी मात्रा 10 एनटीयू तक पहुंच गई है। इससे समझ सकते हैं कि पानी में टर्बिडिटी की मात्रा 10 एनटीयू होना यानी की सीधे बीमारी का घर है। टर्बिडिटी युक्त पानी पीने से सूक्ष्मजीव जलजनित बीमारियों का कारण बन सकते हैं। इस पानी के पीने से पेट से जुड़ी अनेक बीमारी दस्त, उल्टी, पेट दर्द, और अन्य जठरांत्र संबंधी समस्याएं हो सकती है। इसलिए सबसे पहले पीएचई की लैब में पानी की जांच कराए। जांच में यदि टर्बिडिटी ज्यादा निकलती है तो पानी को छानकर पीए या फिर शुद्ध करने क्लोरिन, फिटकरी आदि भी डाल सकते हैं। वही अन्य कोई दिक्कत आ रही है तो पीएचई के लैब स्टाफ से संपर्क कर उचित सलाह ले सकते हैं।



#### पानी में रहते हैं 14 तत्व

पीएचइ के अनुसार पानी में 14 तत्व रहते हैं। इनमें पीएच, टर्बिडिटी, टीडीएस, केल्शियम, मैगनेशियम, एलकिनिकी, क्लोराइड, फ्लोराइड, सल्फेट, आयरन, नाइट्रोजन आदि तत्व शामिल है। इन तत्वों में से किसी एक तत्व की भी कमी रहती है तो उससे पीने के दौरान नुकसान होने की अशंका रहती है। इसका कई बार लोगों को पता तक नहीं चलता है। इसलिए जरूरी है कि पानी की जांच कराकर समय पर उपचार कराया जाए। एक्सपर्ट की माने तो दूषित पानी से बीमारी फैलने का सबसे अधिक खतरा रहता है। इससे तभी बचा जा सकता है जब पानी की जांच कराए और किसी तत्व की कमी मिली तो उसे बताए गए उपाय कर दूर करें। वर्तमान में कई लोग लापरवाही दिखाकर पानी जांच कराना मुनासिब नहीं समझते हैं। इसका परिणाम उनको ही परेशानी भुगतकर उठाना पड़ता है। पीएचई की तरफ से भी लोगों को ज्यादा संख्या में पानी सैंपल की जांच कराने के लिए कहा जाता है। इस साल 2025 के 6 महीनों में सीहोर पीएचरइ लैब में करीब 1750 पानी सैंपल की जांच हुई है।

#### छानकर पीयें पानी

इस संबंध में पीएचई प्रयोग शाला प्रभारी नरेन्द्र कुमार का कहना है कि बारिश के मौसम के साथ ही पानी में टर्बिडिटी की समस्या बढ़ गई है। इसलिए पानी की जांच करा सकते हैं। टर्बिडिटी है तो पानी को छानकर पीयें।

# अचानक कार में लगी आग, यात्री सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के दोराहा-अहमपुर रोड पर द वर्निंग ट्रेन सा नजारा द वर्निंग कार में देखने को मिला। दरअसल, दोराहा अहमदपुर रोड पर देर रात उस समय अफरा तफरी मच गई, जब एक चलती कार में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि कार में शॉर्ट सर्किट के कारण धुआं उठने लगा। चालक ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोड के साइड पर रोका और समय रहते सभी सवारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कुछ ही पलों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। कार पूरी तरह जल चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। कार में सवार विजय सिंह पाल पिता जशरथ सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी मुडला थाना कुरावर राजगढ़, नवीन सोलंकी पिता संतोष सोलंकी उम्र 19 वर्ष निवासी बढिय़ा महू देवास।, अजय भील उम्र 20 वर्ष निवासी खुजनेर राजगढ़, बासु करोसिया पिता कमलेश उम्र 26 वर्ष निवासी भोपाल करोद शकुशल है।

### पचोर में उपपंजीयक कार्यालय खोलने की मांग, स्थानीय स्तर पर नहीं हो पा रही रजिस्ट्री

# रजिस्ट्री कराना है तो 25 से 30 किमी तक जाने को मजबूर हैं क्षेत्र के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर

तहसील मुख्यालय पर भूमि और मकान की खरीदी-बिक्री को लेकर रजिस्ट्री करने की सुविधा नहीं है। जिससे लोगों के धन और समय की बर्बादी होती है। पचोर तहसील में 33 पटवारी हल्के ओर 56 गांव आते हैं, सरकार ने 2008 में पचोर को तहसील दर्जा दिया था। उप पंजीयक दफ्तर नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को रजिस्ट्री के लिए सारंगपुर, ब्यावरा राजगढ़ जाने पर मजबूर हैं। रजिस्ट्री की सुविधा मिलने सेशासन की राजस्व आय में भी बढ़ोतरी होना तय है। उप पंजीयक दस्तर शुरू कराने की मांग क्षेत्र के लोग कई सालों से कर रहे हैं। परंतु शासन स्तर से रजिस्ट्री की सुविधा मुहैया नहीं कराई जा रही है। ऐसे में क्षेत्र के व्यापारी, किसान सहित हर वर्ग के लोगों को अपनी प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री के लिए जाना पड़ता है।




#### लोगों को यह मिलेगा फायदा

पचोर में उप पंजीयक दफ्तर शुरू होने से रजिस्ट्री के लिए लोगो को यह वह जाने से मुक्ति मिलेगी। पचोर में रजिस्ट्री की सुविधा मिलने से एक व्यक्ति का ही 500 से 1000 रुपए खर्च होने से बचेगा। रजिस्ट्री कराने के लिए जाना मजबूरी बना हुआ है। जबकि वित विभाग के नियमानुसार जिला पंजीयक दफ्तर से की 25 किमी से अधिक दूरी और नगर परिषद मुख्यालय होने का मापदंड भी पूरा हो रहा है। जिसके चलते यहां आसानी से उप पंजीयक दफ्तर खुल सकता है।

#### ग्रामीणों को होती है सबसे ज्यादा परेशानी

पचोर में उप पंजीयक दफ्तर के अभाव में सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीणों को होती है। दूर अंचल के गांवों से सारंगपुर, राजगढ़, ब्यावरा, तक रजिस्ट्री के लिए आवागमन करने उनके 1000 रुपए तक खर्च होते हैं। गांव में खेती में एक ही रकबे में अनेक खाते होते हैं। ऐसे में रजिस्ट्री की प्रक्रिया के दौरान रजिस्ट्रार के ऑफिस में सभी की हाजरी जरूरी होती है। जिसमें ग्रामीणों को अधिक आर्थिक नुकसान होता है। पचैर में उप पंजीयक दफ्तर शुरू होने से सबसे ज्यादा फायदा सभी को मिलेगा।

#### महंगे मिलते हैं नगर में स्टांप पेपर

किसी भी जमीन, प्लॉट और मकान का सौदा करने के लिए लिखित रूप से इकरारनामा होता है। जिसके लिए स्टांप पेपर जरूरी है। लेकिन उप पंजीयक दफ्तर नहीं होने से मुख्यालय पर स्टांप पेपर भी महंगे दामों पर मिलते हैं। इसे लेकर स्टांप विक्रेताओं के खिलाफ प्रशासन भी कोई कार्रवाई नहीं करता। ऐसे में लोगों को महंगे दामों पर स्टांप खरीदना मजबूरी बना हुआ है। हालांकि अब स्टांप पेपर ऑनलाइन निकलते हैं। परंतु ऑनलाइन स्टॉप निकलने के दौरान सर्वर डाउन होने से भी लोगों को परेशानी होती है।

#### 2022 में लिखा था पत्र कार्यवाही अधर में

मार्च 2022, में तत्कालीन कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रक भोपाल को पत्र लिखकर पचोर में उप्र पंजीयक कार्यालय प्रारम्भ करने की अनुशंसा की थी। किंतु अभी तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई। लेकिन अब परिस्थियां ऐसी बन रही है कि रजिस्टी कराने के लिए 25 किलोमीटर दूर जाना होता है।

#### इसलिए खुल सकता है पचोर में उपपंजीयक कार्यालय

पचोर तहसील में होने वाली रजिस्ट्रीयो की आय 5 लाख प्रतिवर्ष से अधिक है और सारंगपुर, ब्यावरा, राजगढ़,नरसिंहगढ़ उप पंजीयक कार्यालय की दूरी 25, किलोमीटर से अधिक है। इन कारणों के चलते पचोर में उपपंजीयक कार्यालय खुलने की उम्मीद है।

#### इनका कहना है

पचोर में उप पंजीयक कार्यालय शीघ्र प्रारंभ करवाने के लिए हम प्रयासरत हैं। जल्द ही कार्यालय शुरू होगा।

**गौतम टेटवाल**
**मंत्री मध्यप्रदेश सरकार**

नगर में उपपंजीयक कार्यालय के लिए हम प्रयासरत हैं पूर्व में पत्र लिखे थे। उप पंजीयक कार्यालय खुलना जनहित में होगा।

**विकास करोड़िया, नपा अध्यक्ष**

# नागरिक सुविधा और आपको रोजगार भी हमारी प्राथमिकता : रोहित बम्होरे

### सब्जी विक्रेता तय स्थान पर बैठें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर

सब्जी विक्रेताओं ने दूसरे दिन भी अपनी दुकानें नहीं खोली। दोपहर बाद अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया,सी एमओ दीपक रानवे ने थाना परिसर में सब्जी विक्रेताओं से बात की सब्जी विक्रेताओं ने अपनी समस्याओं को रखा। अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे ने स्पष्ट किया कि नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए आपको भी स्थान देना है। अधिकारियों ने बरसते पानीसब्जी विक्रेताओं के साथ मिडिल स्कूल के पास वाली पुरानी सब्जी मंडी का दौरा किया उसके बाद बस स्टेंड वाले हिस्से में को भी देखा और दुकानों के सामने के अस्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिए।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नपा द्वारा चिन्हित स्थान पर बैठे। बम्होरे ने नपा को वह सफाई, बिजली सहित उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।




अधिकारियों ने स्पष्ट किया सड़क पर दुकान न लगाए। सी एमओ दीपक रानवे ने कहा कि सब्जी विक्रेताओं को उनके लिए तय जगह पर बैठना होगा। यह वह बैठने वालो पर सतत कार्यवाही करेंगे।

#### नपा ने की तैयारी शुरू

नगर परिषद ने सब्जी मंडी की सफाई शुरू कर दी हे वही बिजली की भी व्यवस्था की जा रही है। नपा ने सब्जी विक्रेताओं की सूची बना ली है सोमवार को पर्ची उठाकर क्रमांक आवंटित किए जाएंगे।

#### बस स्टैंड क्षेत्र बना जाम का हाट स्पॉट

बस स्टेंड क्षेत्र सहित सुभाष चौराह से जेडी मार्केट चौराह तक हिस्सा जाम का हाट स्पॉट हे पिछले साल बस स्टैंड पर ही ट्रक की चपेट में आने से एक बालक की मौत हो गई थी, वहीं दुकानों के सामने के अतिक्रमण के साथ ठेलो की संख्या लगातार बढ़ रहीवही इसी हिस्से में ऑटो, लोडिंग वाहन भी खड़े रहते हैं। सबसे अधिक जाम ठेलों और अस्थाई अतिक्रमण से लगता है।


### बजरंग दल ने मृत गाय को कचरा वाहन से घसीटते का किया विरोध



**माचलपुर।** नगर परिषद के कचरा वाहन से मृत गाय को कचरा वाहन से घसीटते ले जाने की घटना पर बजरंग दल ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बुधवार को नगर पंचायत का घेराव किया। अपने आपको गौ माता की शुभ चिंतक निरूपित करने वाली भाजपा की परिषद के रहते नगर में गाय को कचरा वाहन से घसीटते ले जाने पर जहां नगर विभिन्न लोगों ने नाराजगी व्यक्त की वही बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर नारे बाजी की ओर सीएमओ से मुलाकात कर ऐसा कृत्य करने वाले कर्मचारियों को निलंबित करने की मांग की। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी घटना की पुनरावृति ना हो ध्यान रखा जाए। इस दौरान जिला संयोजक सोनू शर्मा, दीपक मारु, लक्ष्मण गुर्जर, भानुप्रताप चौहान, गिरिराज सोनी, देवेंद्र केवट, सूरज, लखन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जागरुकता को देंगे प्राथमिकता

## धाकड़ महासभा के जिला उपाध्यक्ष बने रामबाबू



**छापीहेड़ा।** धाकड़ महासभा ने संगठनात्मक विस्तार के तहत ग्राम सिकंदरी वाले रामबाबू नागर को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राम विलास धाकड़ के निर्देश पर राम गोपाल नागर जिला अध्यक्ष ने की। ग्राम पंचायत सिकंदरी के सरपंच प्रतिनिधि नागर समाज में सक्रिय व्यक्तियों में से एक हैं। विकास एकता का परचम लहराने में सक्षम और उनके योगदान को देखते हुए यह जिम्मेदारी उनको सार्थक रूप से मिली नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष ने प्रदेश और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास सतत रूप से करेंगे। युवाओं को जोड़ने शिक्षा और सामाजिक जागरूकता फैलाने तथा तथा समाज की गतिविधियों को सार्थक रूप देने में प्राथमिकता देंगे।

### अखिल भारतीय माली सैनी सभा ने जनसुनवाई में रखी फूलमाली समाज की बात

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के समक्ष रखा अपना पक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अखिल भारतीय माली सैनी सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीपी माली के प्रतिनिधि दिनेश सैनी ने समाज के प्रतिनिधि के रूप में 4 जुलाई को राजधानी भोपाल वीआईपी गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की जनसुनवाई में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर के समक्ष फूलमाली समाज को केंद्रीय सूची में शामिल करने की बात रखी जिस पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग 17 जनवरी 2025 को जनसुनवाई में ज्ञापन दीया था।

इसके पूर्व सं 2024 में भी एक ज्ञापन दिया था उसी पर करवाई करते हुए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग भारत सरकार ने फूलमाली समाज को केंद्र सरकार की सुचि में शामिल कर लिया गया है यहाँ अश्वासन आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहिर ने समाज के प्रतिनिधि मंडल को 4 जुलाई 2025को जनसुनवाई भोपाल में दिया हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि शिघ्र ही गजट नोटिफिकेशन जारी होगा जिसमें फूलमाली समाज को केंद्र सरकार की सुचि में शामिल हो जाएगा




#### जनसुनवाई में यह रहे उपस्थित

जनसुनवाई में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय सदस्य भुवन भूषण एवं राज्य आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमारिया उपस्थित रहे। जनसुनवाई में संयुक्त माली सैनी समाज प्रदेश महासचिव दिनेश सैनी, फूलमाली सोशल उत्थान समिति संरक्षक रोड़ेराम पुष्पद खुजनेर, संस्थापक नरेंद्र पुष्पद पचोर, अध्यक्ष डॉ संतोष माली बापचा, रामचरण माने, मधुकर अम्बाडकर, भोपाल समाज अध्यक्ष श्री हरिनारायण माली भोपाल, प्रदेश महामंत्री दीपक पुष्पद जीरापुर, ब्रजमोहन माली सहित समाजजन उपस्थित रहे।

## बैठक में राज्यमंत्री टेटवाल ने की विभागवार समीक्षा, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शनिवार को जनपद पंचायत सारंगपुर के सभा कक्ष में जनपद स्तरीय अमले के साथ विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने की। बैठक के दौरान प्रमुख विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी ग्रामों में स्वच्छ पेयजल सिंचाई सुविधा के लिए चल रहे कार्यों की समीक्षा तथा जल संकट से निपटने के लिए जल स्त्रोतों की मरम्मत और निर्माण कार्य के साथ प्रत्येक ग्राम को मुख्यमार्ग से जोड़ने हेतु निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति, सीएम हेल्पलाइन सहित सड़क पुल सिवरेज,विद्युत व्यवस्था सहित मूलभूत परियोजना की गुणवत्ता की समीक्षा के साथ प्रधानमंत्री आवास,स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, उज्ज्वला योजना सहित शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजना की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री टेटवाल ने कहा कि सभी योजना का पात्र हितग्राहियों को लाभ मिले इसके साथ ही किसानों को बीज उर्वरक अनुदान सिंचाई फसल बीमा योजना के लाभ देने के निर्देश दिए,पशुपालन विभाग सहित आंगनवाड़ी केंद्र महिला सुरक्षा पोषण कार्यक्रम छात्रवृति योजना का वर्तमान स्थिति का आकलन किया वही विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत और लंबित कार्यों की समीक्षा की गई।तथा वर्षा ऋतु के चलते बाढ़,जल भराव आदि समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाने पर बल दिया। समीक्षा के दौरान मंत्री टेटवाल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विकास कार्य समय सीमा में पारदर्शी गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करें। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष देव नागर, सीईओ हेमेंद्र गोविल, जनपद उपाध्यक्ष कैलाश नागर, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, कृपाल पोरवाल सहित जनपद, शिक्षा, कृषि, उद्यानिकी, पीएम सड़क सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विद्यालय में लैपटॉप वितरण व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप वितरण योजना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्षता प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, हेमंत जोशी, विष्णु सिंह पंवार, बलराम टांक, लखन तोमर, कुशाल मंडलोई, पार्षद प्रतिनिधी मुकेश पुष्पद, डॉ बीएल गुर्जर, प्राचार्य कैलाश चंद्र शर्मा, देवेंद्र शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना अतिथियों द्वारा कर की गई। समस्त अतिथियों का शाला परिवार ने पुष्पहार से स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री का टीवी पर लाइव प्रसारण दिखाया गया। अतिथियों ने शिक्षा पर जोर देकर छात्रों को शासकीय योजना का लाभ लेने की बात कही उक्त योजनांतर्गत विकास खंड जीरापुर से शासकीय विद्यालय के 93 एवं अशासकीय विद्यालय के 227 छात्र छात्राओं को राशि सिंगल क्लिक से खाते में जमा की गई। कार्यक्रम उपरांत विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया।



### निगरानीशुदा अपराधी की मौत

**जीरापुर।** पुलिस थाने में अपराध में निगरानीशुदा बदमाश एलकार सौंधिया (33) निवासी बटावदा की शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस ने उसे 3 जुलाई को हिरासत में लिया था। वह बटावटा का रहने वाला था। 4 जुलाई की सुबह उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, उसे प्राथमिक इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया। भोपाल ले जाते समय रास्ते में उसकी हालत और बिगड़ी। उसे हमीदिया अस्पताल भोपाल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। पुलिस के अनुसार पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्टअटैक बताया गया है। पुलिस मामले में नियमानुसार कार्यवाही कर रही है।

## नवनियुक्त पदाधिकारी का हार माला पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दी



**ब्यावरा।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष शीला सुखदेव सिंह गोगामेडी प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह चौहान साहब संभाग अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह अरनिया जिला प्रभारी बलराम सिंह के आदेश अनुसार सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का हार माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कुंवर जसवंत सिंह तोमर ठी. रेठानी सभाग महामंत्री, जोजन सिंह ठिकाना धामनदा ब्लॉक अध्यक्ष सारंगपुर, शिवपाल सिंह राठौड जिला मंत्री, राहुल सिंह उमठ जिला सचिव, शैलेंद्र सिंह जिला महामंत्री के पद पर नियुक्त किए जाने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। करणी सेना के संभाग अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खिंची ने बताया की आपको जो दायित्व दिया गया है उसे दायित्व को आप अपने देश के प्रति अपने धर्म के प्रति गौ माता के प्रति और अपने समाज के प्रति हमेशा सकारात्मक सोच रखोगे एवं सभी के लिए अपना योगदान प्रधान करोगे इसी कामना के साथ करणी सेना के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठिकाना अरनिया प्रदेश सचिव योगेंद्र सिंह परिहार कार्यकारिणी अध्यक्ष महेंद्र सिंह चैहान भगवत सिंह चैहान रघुराज सिंह सोलंकी, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह राठौड़ और राहुल बना, प्रदेश सचिव राजेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष रघुनंदन सिंह, विजेंद्र सिंह तोमर एवं ठि. रेठानी के समस्त बना एवं जिले के समस्त करणी सैनिकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

### मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए राशि वितरण कार्यक्रम संपन्न

# लैपटॉप मिलने से मेधावी विद्यार्थियों को अध्ययन करने तथा कौशल विकास में मिलेगी मदद: मंत्री पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

रायसेन स्थित वन परिसर में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का मुख्य अतिथि मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंत्री पंवार ने कहा कि सरकार मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और निरंतर काम कर रही है। सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के लिए भी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है।

मंत्री पंवार ने कहा कि आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए 25-25 हजार रू की राशि प्रदान की गई है। विद्यार्थियों को लैपटॉप मिलने से अपने ज्ञान को बढ़ाने, कौशल को निखारने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना विद्यार्थियों को विज्ञान और डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए संचालित की जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को इस लैपटॉप से उच्च शिक्षा अध्ययन की विभिन्न शैलियों में सहायता प्राप्त होगी। लैपटॉप से उनकी प्रतिभा निखरेगी, जिससे प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की संभावनाएं अधिक सशक्त होंगी। मंत्री पंवार ने मेधावी विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें उपलब्ध कराई जा रही 25-25 हजार रूपए राशि का उपयोग लैपटॉप क्रय में ही किया जाए। लैपटॉप से विद्यार्थियों को अध्ययन तकनीक का उपयोग करते हुए ज्ञानार्जन और कौशल विकास में मदद मिलेगी। विद्यार्थियों में आगे बढ़ने के और नवाचार करने के लिए आत्मविश्वास विकसित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को वह सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं जो उन्हें बौद्धिक कौशल को निखारने, ज्ञान को बढ़ाने और आगे बढ़ने में सहायक है। सरकार द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, निःशुल्क साईकिल, विभिन्न छात्रवृत्ति सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।



#### मंत्री पंवार सहित जनप्रतिनिधियों ने मेधावी विद्यार्थियों को वितरित किए चेक

कार्यक्रम में मंत्री पंवार द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिले के मेधावी विद्यार्थी रूद्रांश पटेल, आदित्य बघेल, जोया खान, पायल अहिरवार, तनु बघेल, कु. अनुराधा सहित अनेक मेधावी विद्यार्थियों को 25-25 हजार राशि के सांकेतिक चेक प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से इन मेधावी विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप क्रय करने हेतु 25-25 हजार रू की राशि अंतरित कर दी गई है। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में रायसेन जिले में कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत तथा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 1577 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने हेतु 25-25 हजार रू के मान से राशि प्रदान की गई है। इन 1577 विद्यार्थियों में 1019 छात्राएं हैं तथा 558 छात्र हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम लाइव प्रसारण देखा व सुना।